प्रेस नोट - थाना सिंधौली

जनपद शाहजहाँपुर

सराहनीय कार्य दिनांक 20.11.2026

थाना सिंधौली पुलिस की प्रभावी कार्यवाही, आपसी विवाद में फायरिंग कर दो व्यक्तियों को घायल करने के अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, आलाकत्ल बरामद

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर महोदय के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी पुवायाँ के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना सिंधौली के नेतृत्व में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना सिंधौली पुलिस टीम को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई।

संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 19.11.2026 को समय 19:30 बजे ग्राम पैना बुजुर्ग में सड़क के बीच ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़ी करने को लेकर हुए विवाद के संबंध में वादी विपिन सिंह पुत्र स्व0 नरवीर सिंह नि0 ग्राम पैना बुजुर्ग, थाना सिंधौली, जनपद शाहजहाँपुर द्वारा तहरीर दी गई कि अभियुक्तगण 1. अजय मिश्रा पुत्र योगेश मिश्रा, 2. आदित्य मिश्रा पुत्र अजय मिश्रा, 3. अनिरुद्ध मिश्रा पुत्र स्व0 अनुज मिश्रा एवं 4. अंशुमान मिश्रा पुत्र स्व0 अनुज मिश्रा, समस्त नि0 ग्राम पैना बुजुर्ग, थाना सिंधौली, जनपद शाहजहाँपुर द्वारा वादी, वादी के पुत्र ,वादी के भतीजे एवं चचेरे भाई के साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी गई, जिससे वादी के पुत्र एवं चचेरे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। उक्त घटना के संबंध में थाना सिंधौली पर मु0अ0सं0 551/2026 धारा 126(2)/352/115(2)/351(3)/109(1)/3(5) बीएनएस बनाम अंशुमान आदि 04 नफर पंजीकृत किया गया। प्रकरण की गंभीरता के दृष्टिगत अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम गठित कर लगातार प्रयास किए जा रहे थे। इसी क्रम में आज दिनांक 20.11.2026 को समय 11:30 बजे थाना सिंधौली पुलिस द्वारा उक्त अभियोग में वांछित अभियुक्त अंशुमान मिश्रा पुत्र स्व0 अनुज मिश्रा, नि0 ग्राम पैना बुजुर्ग, थाना सिंधौली, जनपद शाहजहाँपुर को मुड़ियापंवार रोड, थाना सिंधौली से गिरफ्तार किया गया तथा घटना में प्रयुक्त लाइसेंसी 315 बोर राइफल (आलाकत्ल) बरामद की गई। अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

अंशुमान मिश्रा पुत्र स्व0 अनुज मिश्रा नि0 ग्राम पैना बुजुर्ग, थाना सिंधौली, जनपद शाहजहाँपुर, उम्र 25 वर्ष।

गिरफ्तारी का दिनांक, समय व स्थानः-

दिनांक 20.11.2026, समय 11.30 बजे मुड़ियापंवार रोड़ थाना सिंधौली।

पंजीकृत अभियोग का विवरणः-

मु0अ0सं0 551/2026 धारा 126(2)/352/115(2)/351(3)/109(1)/3(5) बीएनएस, थाना सिंधौली,शाहजहाँपुर।

बरामदगी का विवरणः-

घटना में प्रयुक्त लाइसेंसी 315 बोर राइफल (आलाकत्ल), 05 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर एवं 01 अदद खोखा कारतूस 315 बोर।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-

1. उ0नि0 राकेश थाना सिंधौली जनपद शाहजहाँपुर।
2. आरक्षी राहुल थाना सिंधौली जनपद शाहजहाँपुर।
3. आरक्षी मनीष थाना सिंधौली जनपद शाहजहाँपुर।